# प्रेस विज्ञप्ति

***पुणे में मध्यप्रदेश के ट्रायथलॉन खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन***

***राष्ट्रीय ITF ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में 2 रजत समेत खिलाड़ियों ने जीते 4 पदक***

***संचालक श्री अंशुमान यादव ने खिलाड़ियों से भेंट कर दी बधाई, उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया प्रोत्साहित***

**भोपाल, 21 अगस्त 2026**

पुणे, महाराष्ट्र में 12 से 16 अगस्त 2026 तक आयोजित अंडर-23 एवं सीनियर राष्ट्रीय ITF ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने पदक जीतने के साथ ही कई उत्कृष्ट स्थान हासिल किए।

***दुर्विशा और सरगम ने जीते रजत पदक***

अंडर-23 महिला वर्ग में मध्यप्रदेश की दुर्विशा पवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। वहीं ओपन एज महिला वर्ग में सरगम बाथरे ने दूसरा स्थान हासिल कर मध्यप्रदेश को एक और रजत पदक दिलाया।

सीनियर महिला वर्ग में आध्या सिंह ने कड़े मुकाबले में चौथा स्थान प्राप्त किया और पदक से मामूली अंतर से चूक गईं।

*पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर उतरे खिलाड़ियों ने भी छोड़ी छाप*

मध्यप्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी के युवा खिलाड़ियों ने पुरुष वर्ग में भी प्रभावी प्रदर्शन किया। अमन प्रजापति ने छठा और जतेन अहिरवार ने सातवां स्थान हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों की यह पहली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता थी। पहली ही राष्ट्रीय स्पर्धा में उनका प्रदर्शन प्रदेश में उभरती ट्रायथलॉन प्रतिभाओं की मजबूत संभावनाओं को दर्शाता है।

*जूनियर और सब-जूनियर स्पर्धा में भी पदक*

पुणे में आयोजित जूनियर एवं सब-जूनियर ITF रैंकिंग चैंपियनशिप में भी मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने सफलता हासिल की। जूनियर वर्ग में कंक श्री धारिवाल ने स्वर्ण पदक, जबकि सब-जूनियर वर्ग में अश्मी कटारिया ने कांस्य पदक जीता।

*संचालक श्री अंशुमान यादव ने खिलाड़ियों को दी बधाई*

राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद मध्यप्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी के खिलाड़ी आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश के संचालक श्री अंशुमान यादव से मिले। संचालक श्री यादव ने सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इसी तरह निरंतर मेहनत और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

*प्रदेश में ट्रायथलॉन को मिल रहा प्रोत्साहन*

पुणे में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का प्रदर्शन प्रदेश में ट्रायथलॉन खेल के निरंतर विस्तार और उभरती खेल प्रतिभाओं की मजबूत स्थिति को दर्शाता है। विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों द्वारा हासिल किए गए पदक और उत्कृष्ट स्थान उनकी मेहनत, अनुशासन एवं प्रशिक्षण का परिणाम हैं। मध्यप्रदेश ट्रायथलॉन अकादमी के माध्यम से खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।


miniOrange
ITF NATIONALS
AGE GROUP
TRIATHLON PUNE
14TH,15TH - 16TH AUGUST 2026
SHREE SHIV CHHATRAPATI SPORTS COMPLEX, PUNE
INDIAN TRIATHLON FEDERATION
MAHARASHTRA TRIATHLON ASSOCIATION
PARALYMPIC COMMITTEE INDIA
miniOrange
apace
Hyperice
COROS
KYNETIK CORE
NASA BIKE TECH
2XU
WINNER
THIRD PLACE
2ND RUN




miniOrange
ITF NATIONALS
AGE GROUP
TRIATHLON PUNE
14TH,15TH - 16TH AUGUST 2026
SHREE SHIV CHHATRAPATI SPORTS COMPLEX, PUNE
INDIAN TRIATHLON FEDERATION
MAHARASHTRA TRIATHLON ASSOCIATION
PARALYMPIC COMMITTEE INDIA
apace
Hyperice
COROS
KYNETIK CORE
NASA BIKE TECH
MUZI SPORTS
RUNNER UP
WINNER
THIRD PLACE
U-23 Female
₹ 5,000.00
₹ 7,000.00
₹ 3,000.00